**2021**

( Held in 2022 )

# HINDI

Paper : HIN-HC-5016

**( हिन्दी निबंध एवं अन्य गद्य-विधाएँ )**

( Honours Core )

*Full Marks* : 80

*Time* : 3 hours

*The figures in the margin indicate full marks for the questions*

**1.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पूर्ण वाक्य में दीजिए : 1×10=10

(क) सरदार पूर्ण सिंह किस युग के निबंधकार हैं?

(ख) 'चिंतामणि' शीर्षक निबंध-संग्रह में किसके निबंध संकलित हैं?

(ग) निबंधकार ने किसे "हजारों वर्ष के उतार-चढ़ाव का निर्मम साथी" कहा है?

(घ) पठित पाठ के आधार पर बताइए कि खड़ी बोली के अतिरिक्त महाकवि प्रसाद किस भाषा के काव्य के मर्मज्ञ थे?

(ङ) 'तुम्हारी स्मृति' किस विधा की रचना है?

(च) भक्तिन का वास्तविक नाम क्या है?

(छ) सुफेद भेड़ों का मालिक कौन है?

(ज) 'त्रिशंकु' किसके निबंध-संग्रह का नाम है?

(झ) सुभान खाँ का एक अरमान क्या था?

(ञ) ललित निबंध किसे कहते हैं?

**2.** निम्नलिखित प्रश्नों के अति संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 2×5=10

(क) 'मेरे राम का मुकुट भीग रहा है' —यहाँ 'राम' किसका प्रतीक है?

(ख) किसान को ब्रह्मा के समान क्यों माना गया है?

(ग) तांडव नृत्य से तंडु मुनि का क्या संबंध है?

(घ) सौगात के रूप में सुभान दादा क्या-क्या लाए थे?

(ङ) भक्तिन के संदर्भ में हनुमान जी का उल्लेख क्यों हुआ है?

**3.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **चार** के उत्तर संक्षेप में दीजिए : 5×4=20

(क) संस्मरण और रेखाचित्र में क्या अंतर है? स्पष्ट कीजिए।

(ख) "मुझे तो मनुष्य के हाथ से बने हुए कामों में उनकी प्रेममय पवित्र आत्मा की सुगंध आती है।" निबंधकार को ऐसा क्यों लगता है?

(ग) करुणा और क्रोध में निहित अंतर को स्पष्ट कीजिए।





(घ) "अलबत्त महादेव इन देवताओं से भिन्न थे।" किस संदर्भ में महादेव अन्य देवताओं से भिन्न हैं?

(ङ) भक्तिन की चारित्रिक विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

(च) निबंध के तत्त्वों का खुलासा कीजिए।

**4.** सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 10

(क) मन फिर घूम गया कौसल्या की ओर, लाखों-करोड़ों कौसल्याओं की ओर और लाखों-करोड़ों कौसल्याओं के द्वारा मुखरित एक अनाम-अरूप कौसल्या की ओर, इन सबके राम वन में निर्वासित हैं, पर क्या बात है कि मुकुट अभी भी उनके माथे पर बँधा है और उसी के भीगने की इतनी चिंता है?

**अथवा**

(ख) माफ कीजिए! दूर-नजदीक की बात नहीं है, बात है हिम्मत की, ताकत की। छावनी में आप नहीं जाते हैं, इसलिए कि वहाँ सीधे तोप के मुँह में पड़ना होगा। यहाँ मुसलमान एक मुट्ठी है; इसलिए आप टूटने को उतावले हैं।

**5.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **तीन** के सम्यक् उत्तर दीजिए : 10×3=30

(क) हिन्दी निबंध के उद्भव और विकास पर एक लेख प्रस्तुत कीजिए।

(ख) पठित निबंध के आधार पर महाकवि जयशंकर प्रसाद के व्यक्तित्व के विविध पक्षों पर प्रकाश डालिए।

(ग) सामाजिक जीवन में करुणा के महत्त्व का प्रतिपादन कीजिए।

(घ) "'देवदारु' एक उच्चकोटि का आत्मपरक ललित निबंध है।" प्रस्तुत कथन का विवेचन कीजिए।

(ङ) 'तुम्हारी स्मृति' नामक पाठ के कथ्य का उल्लेख करते हुए उसके अभिव्यक्ति पक्ष पर चर्चा कीजिए।

(च) 'पीपल' शीर्षक रचना के प्रतिपाद्य की समीक्षा कीजिए।

★★★